**पुणना International School**

**Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal**

| Annual Examination: (2020-21) | | | |
|---|---|---|---|
| **Student's Name:** | **Roll No.:** | **Grade :** | **VIII** |
| **Date :** | **Time:** | **Subject:** | **Hindi** |
| **T. Sign :** | | **Total Marks** | **80** |

*** निर्देश- चारों खंड़ो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

## ( खंड-क )

**प्र-१ अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-10)**

वहाँ वह सूर्य है जो चमकता है। तो सूर्य आखिर है क्या? वेदों में इसे एक पहिएवाले सुनहरे रथ पर सवार देवता कहा गया है, जिसे सात शक्तिशाली घोड़े पलक झपकते ही 364 लीग की रफ़्तार से दौड़ा कर ले जाते हैं। वह अपने रथ पर सवार होकर आसमान में घूमता रहता है और संसार की हर गतिविधि पर नज़र रखता है। किसने इसे बनाया, जिस पर धरती पर मौजूद जीवन पूरी तरह से निर्भर है? क्या यह मरता हुआ विशाल तारा है या कोई वैज्ञानिक चमत्कार या वाकई सूर्य देवता हैं जो वेदों की साकार आत्मा हैं और जो त्रिदेव का प्रतिनिधित्व करता है- दिन में ब्रह्मा, दोपहर में शिव और शाम में विष्णु।भारतीय पौराणिक गाथाओं के अनुसार, सूर्य के माता-पिता थे- अदिति और कश्यप। अदिति के आठ बच्चे थे। आठवाँ बच्चा अंडे की शक्ल का था। इसलिए उसका नाम रखा मार्तंड यानी मृत अंडे का पुत्र और उसका परित्याग कर दिया। वह आसमान में चला गया और खुद को वहाँ महिमामंडित कर लिया। दूसरा किस्सा यह है कि, अदिति ने एक बार अपने पहले सात पुत्रों से कहा कि ब्रह्मांड का सृजन करें। किंतु वे इसमें असमर्थ रहे। क्योंकि वे सिर्फ जन्म को जानते थे, मृत्यु को नहीं। जीवन चक्रस्थापित करने के लिए अमरत्व की ज़रूरत नहीं थी, सो अदिति ने मार्तंड से कहा। उन्होंने फ़ौरन दिन और रात का सृजन कर दिया, जो जीवन और मृत्यु के प्रतीक थे।

1) मार्तंड द्वारा दिन और रात के सृजन का क्या उद्देश्य था?
2) वेदों में सूर्य का वर्णन किस तरह किया गया है?
3) भारतीय पौराणिक गाथाओं के अनुसार सूर्य क्या है?
4) सूर्य के संबंध में प्रचलित किस्से के आधार पर सूर्य के महिमामंडन का कारण क्या है ?
5) गदयांश का उचित शीर्षक दीजिए |
6) _____________ गाथाओं के अनुसार, सूर्य के माता-पिता थे- अदिति और कश्यप।
7) सात शक्तिशाली घोड़े पलक झपकते ही __________ लीग की रफ़्तार से दौड़ा कर ले जाते हैं।
8) जीवन चक्रस्थापित करने के लिए___________ की ज़रूरत नहीं थी|
9) अदिति के आठ बच्चे थे। आठवाँ बच्चा _________ शक्ल का था।
10) अदिति ने एक बार अपने ___________ पुत्रों से कहा कि ब्रह्मांड का सृजन करें।

**प्र-२ निम्नलिखित अपठित पदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(अंक-10)**

तरुणाई है नाम सिंधु की उठती लहरों के गर्जन का,
चट्टानों से टक्कर लेना लक्ष्य बने जिनके जीवन का।
विफल प्रयासों से भी दूना वेग भुजाओं में भर जाता,
जोड़ा करता जिनकी गति से नव उत्साह निरंतर नाता।
पर्वत के विशाल शिखरों-सा यौवन उसका ही है अक्षय,
जिनके चरणों पर सागर के होते अनगिन ज्वार साथ लय।
अचल खड़े रहते जो ऊँचा, शीश उठाए तूफ़ानों में,
सहनशीलता दृढ़ता हँसती जिनके यौवन के प्राणों में।
वही पंथ बाधा को तोड़े बहते हैं जैसे हों निर्झर,
प्रगति नाम को सार्थक करता यौवन दुर्गमता पर चलकर।

1) कवि ने किसका आह्वान किया है?
2) तरुणाई की किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ?
3) चट्टानों से टक्कर लेने का क्या तात्पर्य है?
4) मार्ग की रुकावटों को कौन तोड़ते हैं और कैसे?
5)आशय स्पष्ट कीजिए-'जिनके चरणों पर सागर के होते अनगिन ज्वार साथ लय।'कवि ने युवाओं का अह्वान क्यों किया है ?
6) पदयांश का उचित शीर्षक दीजिए |
7) पर्वत के ________ शिखरों-सा यौवन उसका ही है अक्षय|
8) ____________ नाम को सार्थक करता यौवन दुर्गमता पर चलकर।
9) अचल खड़े रहते जो ________ , ______ उठाए तूफ़ानों में, सहनशीलता दृढ़ता हँसती जिनके यौवन के प्राणों में।
10) चट्टानों से टक्कर लेना लक्ष्य बने जिनके __________ ।

## ( खंड-ख )

**प्र-३ निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए।** **(कोई एक)** **(अंक-5)**

खेल-कूद का महत्त्व

**अथवा**

बेरोजगारी की समस्या और समाधान

**प्र-४ निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखिए।** **(कोई एक)** **(अंक-5)**

आपके जन्म दिन पर आपके मामा जी ने आपको एक सुंदर उपहार भेजा है। इस उपहार के लिए धन्यवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त कीजिए।

अथवा

विद्यालय में योग-शिक्षा का महत्त्व बताते हुए किसी समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

**प्र-५ निम्नलिखित विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए।** **(अंक-5)**

पूजा, धूप एवं अगरबत्तियाँ बनाने वाली कंपनी के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्र-६ निम्नलिखित विषय पर संवाद लेखन लिखिए।** **(अंक-5)**

महारानी और सेविकाओ के बीच का संवाद लिखिए |

अथवा

बढ़ती महँगाई को लेकर दो नागरिकों की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

**( खंड-ग )**

**प-७(1) निम्नलिखित विराम-चिहनों के नाम लिखिए। (अंक-2)**

(a) ( ; ) (b) ( ! )

**(2) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ देकर वाक्य बनाओ। (अंक-4)**

(a) गाल बजाना-

(b) हवा से बातें करना-

(c) घी के दीये जलाना-

(d) अँगारे बरसना-

**(3) निम्नलिखित प्रत्यय से दो-दो शब्द बनाओ। (अंक-2)**

(a) इयल (b) आका

**(4) निम्नलिखित कारक को पहचानकर उसके प्रकार लिखिए। (अंक-3)**

(a) गोपाल ने राधा को बुलाया। (b) मैं सूरज के लिए चाय बना रहा हूँ।

(c) अरे भाई ! यहाँ आओ।

**(5) निम्नलिखित समास को पहचानकर उसके प्रकार लिखिए। (अंक-3)**

(a) सत्याग्रह (b) नीलकण्ठ

(c) हाथोंहाथ

**(6) निम्नलिखित शब्दों की संधि-विच्छेद कीजिए। (अंक-2)**

(a) देवालय – (b) शरणार्थी-

**(7)निम्नलिखित कारक के भेद लिखिए। (अंक-2)**

(a) वे मेरे लिए उपहार लाये हैं।

(b) राजा दशरथ का बड़ा बेटा राम था।

**(8)निम्नलिखित कियाविशेषण को पहचानकर उनके भेद लिखिए। (अंक-2)**

(a) वह सवेरे टहलने जाता है |

(b) जिधर देखो पानी ही पानी है |

(c) अधिक खेलना ठीक नहीं |

(d) दिन जल्दी जल्दी ढलता है।

**( खंड-घ )**

**प-८ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-4)**

1) दूध की तुलना में श्रीकृष्ण कौन-से खाद्य पदार्थ को अधिक पसंद करते हैं?

2) गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुँदने क्यों जड़ दिए ?

3) कहानी में "मोटे-मोटे किस काम के हैं" ?किन के बारे में और क्यों कहा गया ?

4) श्रीकृष्ण के लिए पाँच पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**प्र-९ किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(अंक-6)**

1) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई?
2) आपके विचार में अंग्रेज ने वह पुराना लोटा क्यों खरीद लिया?
3) बच्चों के उधम मचाने के कारण घर कि क्या दुर्दशा हुई?
4) साइकिल चलाने से फातिमा और पुडुकोट्टई की महिलाओं को 'आज़ादी' का अनुभव क्यों होता होगा?

**प्र-१० निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( कोई पाँच )** **(अंक-5)**

1) **भारत छोड़ो प्रस्ताव कब और कहाँ हुआ?**
2) **कांग्रेस का विभाजन किन दो दलों में हुआ?**
3) **आर्य समाज का नारा क्या था?**
4) **औरंगजेब की मृत्यु कब हुई ?**
5) **सर सैयद अहमद खाँ कौन थे?**
6) **सुलतान महमूद गजनी ने भारत पर कब आक्रमण किया?**

**प्र-११ किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(अंक-5)**

1) "साइकिल आंदोलन" से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं?
2) भरा-पूरा परिवार कैसे सुखद बन सकता है और कैसे दुखद? कामचोर कहानी के आधार पर निर्णय कीजिए।
3) प्रारंभ में इस आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई?

---

.